# जागरण : सीहोर : शाजापुर : देवास

www.dainikjagranmpcg.com • आष्टा • भैरुंदा • बुधनी • बैरछा • शुजालपुर • सोनकच्छ • कालापीपल • हाटपीपल्या • खातेगांव भोपाल, 09 अप्रैल 2026






# चाचा जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...








सोजन्य से : रांझा राय, सीहोर

## न्यूज कार्नर

### कांग्रेस मैदान में वसूली स्थगित की जाए

**भैरूंदा।** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस ने जिला अध्यक्ष जगदीश चौहान के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रमुख रूप से गेहूं की खरीदी 3000 रुपये प्रति क्विंटल करने, नरवाई में आग लगने की स्थिति में किसानों के खिलाफ प्रकरण दर्ज न करने तथा सहकारी समितियों और बैंकों द्वारा कृषि ऋण की वसूली की अंतिम तिथि 30 मई तक बढ़ाने की मांग की गई। जिला अध्यक्ष जगदीश चौहान ने कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री के क्षेत्र बुधनी और विदिशा में ही किसान समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कृषि मंत्री संसद में कृषि विकास के भ्रामक और झूठे आंकड़े प्रस्तुत कर रहे हैं। जबकि जमीनी स्तर पर किसानों की स्थिति बेहद खराब है। श्री चौहान ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो किसान कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगीं।

### आयोजित होगा शिक्षा संवाद कार्यक्रम

**भैरूंदा।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के विधानसभा अध्यक्ष दुर्गेश पंवार के नेतृत्व में बुधवार को संगठन की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा के अधिकार को मजबूत करने और आरटीई कानून के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए रणनीति तैयार की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि एनएसयूआई कार्यकर्ता अपने-अपने निर्धारित गांवों में घर-घर जाकर अभिभावकों और बच्चों से संपर्क करेंगे और उनके अधिकारों के बारे में जानकारी देंगे।

**जमीन व प्लाट बेचना है**

वायपास से लगी हुई 1 एकड़ जमीन व नई मंडी रोड़ पर सभी साईज में प्लाट बेचना है।
नोट:-सिंचित 22 एकड़ जमीन खोट देना है।
संपर्क करे।
मो.8085401598
9982163335
11 to 10 April

भाजपा के एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं को मिला जीत का मंत्र, सात सत्रों में हुआ मंथन

# बूथ स्तर का कार्यकर्ता हमारी पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति : विधायक

**जागरण, भैरुंदा ( नसरुल्लागंज )।** भाजपा का नगर के साईं पैलेस एवं रामाधीश गार्डन में एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन मंगलवार हुआ। कार्यक्रम सात विभिन्न सत्रों में संपन्न हुआ। जिसमें जिले के वरिष्ठ नेताओं और वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति और सरकार की योजनाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगीत के साथ हुई। इस प्रशिक्षण वर्ग में डिजिटल पंजीकरण और संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण पर विशेष जोर दिया गया।जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा ने भाजपा के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा आज जहाँ ख?ी है। उसके पीछे लाखों कार्यकर्ताओं का बलिदान है। उन्होंने बताया कि हमारी यात्रा जनसंघ से शुरू हुई और आज हम विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल हैं।



यह गौरव हमें सत्ता के लिए नहीं बल्कि राष्ट्र पुनर्निर्माण के लिए मिला है। उन्होंने कहा कि नए कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपने को समझना अनिवार्य है। सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए रघुनाथ सिंह भाटी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार का एकमात्र लक्ष्य अंत्योदय यानी समाज के अंतिम व्यक्ति का उदय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चल रही योजनाएं आज गरीब के जीवन में उजाला ला रही हैं। चाहे वह %प्रधानमंत्री आवास योजना हो, आयुष्मान भारत% के तहत मुफ्त इलाज हो या लाडली बहना जैसी महिला सशक्तिकरण की योजनाएं—इनका लाभ बिना किसी भेदभाव के हर पात्र व्यक्ति तक पहुँच रहा है। कार्यकर्ताओं का यह दायित्व है कि वह एक सेतु (पुल) की तरह काम करें। यदि कोई पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित है तो उसकी मदद करना ही सबसे बड़ी सेवा और असली राजनीति है।

पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मालवीय ने संगठन की कार्यप्रणाली पर जोर देते हुए कहा- भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक परिवार है। हमारी कार्य पद्धति ही हमें अन्य दलों से अलग बनाती है। हर कार्यकर्ता को पार्टी के अनुशासन और निर्धारित कार्ययोजना के भीतर रहकर काम करना सीखना होगा। जब संगठन के निर्देश और कार्यकर्ता का परिश्रम मिलता है, तभी विजय सुनिश्चित होती है।

सोशल मीडिया और तकनीक पर बोलते हुए गगन नामदेव ने कहा कि वर्तमान दौर सूचना युद्ध का है। उन्होंने सुझाव दिया कि आज के दौर में केवल जमीन पर सक्रिय रहना काफी नहीं है। कार्यकर्ताओं को डिजिटल योद्धा बनना होगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नमो ऐप का उपयोग करके हमें विपक्ष के भ्रामक प्रचार को काटना है और अपनी सरकार की उपलब्धियों के वीडियो व संदेश सोशल मीडिया के माध्यम से हर मोबाइल तक पहुँचाने हैं। कार्य विस्तार सत्र में लखन यादव ने संगठनात्मक मजबूती पर बात की। उन्होंने कहा संगठन को केवल चुनाव तक सीमित नहीं रखना है।

हमें निरंतर नए लोगों को पार्टी से जोड़ना है। हर वर्ग, हर जाति और हर क्षेत्र में भाजपा की विचारधारा का विस्तार करना ही हमारा प्राथमिक लक्ष्य होना चाहिए। एक सक्रिय और जीवंत संगठन ही विकास की गारंटी है। कार्यक्रम में कार्तिकेय सिंह चौहान, प्रजेश शिशिर, आनंद पटेल, उमा खंडेलवाल, मोहन लाल चेयरमैन,लीलाधर बेड़ा, बाबूलाल जाट, रॉयसाहब भंवर सिंह कालेज के संचालक नरेंद्र सिंह भाटी, मिश्रीलाल विश्वकर्मा अलग अलग सत्रों में अध्यक्ष की भूमिका में रहे। कार्यक्रम का आभार मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने माना।

समापन सत्र को संबोधित करते हुए विधायक रमाकांत भार्गव ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि चुनाव की जीत का मार्ग केवल और केवल बूथ से होकर गुजरता है। उन्होंने कहा बूथ स्तर का कार्यकर्ता हमारी पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति है। हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को हर घर तक पहुँचाना है। यदि हमने अपना बूथ मजबूत कर लिया और केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचा दिया, तो कोई भी शक्ति हमें पराजित नहीं कर सकती।

# अवैध रेत उत्खनन पर की कार्रवाई, 7 पनडुब्बियां जब्त



**जागरण, रेहटी।** नर्मदा नदी में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ राजस्व और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 पनडुब्बियों को जब्त किया है। यह कार्रवाई देर रात रेहटी क्षेत्र के बाबरी नर्मदा रेत घाट पर की गई। जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर रेहटी प्रभारी तहसीलदार युगविजय सिंह और रेहटी थाना प्रभारी राजेश कहारे के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से दबिश दी। कार्रवाई के दौरान नदी में पनडुब्बियों के माध्यम से रेत निकाल रहे माफिया पर शिकंजा कसते हुए 7 पनडुब्बियां जब्त की गईं। बताया जा रहा है कि लंबे समय से नर्मदा नदी में पनडुब्बियों और किश्तियों के जरिए अवैध तरीके से रेत निकाली जा रही थी, जिससे नदी और पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। प्रशासन की इस कार्रवाई से रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया।

इस पूरे मामले में खनन (मायनिंग) विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से पनडुब्बियों के जरिए रेत उत्खनन किया जा रहा है, लेकिन मायनिंग विभाग की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। सूत्रों के मुताबिक नेहलाई, मट्ठागांव, जजना और बाबरी क्षेत्र के नर्मदा घाटों पर अभी भी बड़े पैमाने पर किश्तियों और पनडुब्बियों के जरिए अवैध रेत उत्खनन जारी है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब राजस्व और पुलिस विभाग कार्रवाई कर सकता है तो मायनिंग विभाग आखिर क्यों निष्क्रिय बना हुआ है।




### जिला मुख्यालय पर घेराव को लेकर कांग्रेस की बैठक

**जागरण बुधनी।** बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जगदीश चौहान ब्लॉक,अध्यक्ष सोनू राजपूत मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सबसे पहले मंडलम अध्यक्ष हरीश मालवीय एवं युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ दुबे ने जिला अध्यक्ष का पुष्प हार पहनाकर अभिनंदन किया वही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर किसान नेता छगन लाल दुबे ने स्वागत किया बैठक में कलेक्ट्रेट घेराव कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए वहीं प्रत्येक बूथ से 20कार्यकर्ताओं को जिला मुख्यालय लाने के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडलम अध्यक्ष हरीश मालवीय,किसान नेता अजय यादव,हरीश मीणा,भूपेंद्र निमोदा,हेमंत वर्मा,लक्ष्य लक्की यादव,ओमप्रकाश मीणा,बलवीर चौहान, विशाल यादव आदि अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।



# टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने के लिए शिक्षकों के संयुक्त मोर्चा ने मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

**देवास।** अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता समाप्त करने एवं नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम जिलाधीश के प्रतिनिधि अपर कलेक्टर संजीव जैन को ज्ञापन दिया। जिसमें बताया गया कि आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय एवं आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त नॉन टीईटी शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण करने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में निवेदन है कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की अधिसूचना 10 अगस्त 2010 की कंडिका 4 (क), (ग) एवं कंडिका 5 के अनुसार 3 सितंबर 2001 के पश्चात नियुक्त शिक्षक (संविदा शाला शिक्षक), 3 सितंबर 2001 के पूर्व नियुक्त शिक्षक (शिक्षाकर्मी व संविदा शाला शिक्षक) तथा वर्ष 2011 से 2014 के मध्य गुरुजी से संविदा शिक्षक के रूप में नियुक्त शिक्षक को टीईटी से छूट प्रदान की गई है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय में भी उक्त छूट का उल्लेख किया गया है। इसके बावजूद विभागीय आयुक्तों द्वारा समस्त सेवारत नॉन-टीईटी शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्ण करने हेतु बाध्य किया जाना, अधिसूचना के प्रावधानों एवं न्यायालय के निर्णय की भावना के विपरीत है। ज्ञापन में मांग की गई है कि आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा 2 मार्च 2026 तथा आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मध्यप्रदेश द्वारा 26 मार्च 2026 को जारी आदेशों को तत्काल निरस्त करने की कृपा करें। ज्ञापन का वाचन वारिस अली ने किया। दिनेश चौधरी, हिमरतसिह तोमर, राजेंद्र सिंह सेंधव, अरूण मिश्रा, पुरुषोत्तम सिसौदिया ने बीएड कॉलेज पर आयोजित धरना एवं रैली को सम्बोधित किया। इस अवसर पर साबिर शेख, अजयसिंह गौड़, दशरथसिंह सेंधव, हजारीलाल चौहान, अनारसिंह ठाकुर, गोविंद चौहान, के.के. मिश्रा, किशोर वर्मा, सहज सरकार सहित सभी ब्लाक के लगभग 600-700 शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



# ग्रामीणों ने कहा- फर्जी फोटो लगाकर हुई स्टाम्प चोरी, कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

**जागरण, देवास।** देवास नगर सीमा अंतर्गत आने वाले ग्राम जेतपुरा में स्थित एक विवादित भूमि का आखिरकार विक्रय हो गया। इसके बाद ग्रामीणों ने कलेक्टर को लिखित शिकायत कर उक्त भूमि को दोबारा बेचने के आरोप लगाते हुए स्टाम्प ड्यूटी की चोरी की भी संभावना व्यक्त की है। शिकायत मिलने के बाद कलेक्टर ने मामले की जांच के आदेश दिये। आदेश उपरांत उप पंजीयक विभाग की टीम ग्राम जेतपुरा में जांच करने पहुंची थी। हालांकि अभी तक जांच प्रतिवेदन नहीं आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने कलेक्टर ऋतुराज सिंह को लिखित शिकायत दर्ज कराई है कि ग्राम जेतपुरा स्थित भूमि सर्वे नंबर 320, 267, 271 कुल रकबा 7.636 हेक्टेयर होकर उक्त भूमि को पूर्व में दिनकर राव काले पिता त्रयंबक राव द्वारा 1951 में जेतपुरा के ग्रामवासियों को विक्रय कर दी थी और उस समय ग्रामीणों ने राशि भी अदा कर दी थी तथा ग्रामवासियों द्वारा अपने-अपने कब्जे अनुसार करीब 1 लाख 25 हजार वर्गफीट भूमि पर अपने भवन निर्माण भी कर लिए थे। उक्त भूमि को पराग काले पिता भरत काले एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा पुनः क्रेता सुयश गुप्ता पिता कैलाशचंद्र गुप्ता को विक्रय कर दिया है। जिसकी रजिस्ट्री क्रेता, विक्रेता एवं सर्विस प्रोवाइडर व पंजीयक कार्यालय के अधिकारियों द्वारा षड्यंत्रपूर्वक निष्पादित कर दी गई है। जबकि उक्त भूमि पर कई भवन निर्मित है, जिन्हें लगभग 70 साल हो चुके है, किंतु षड्यंत्र पूर्वक अन्य खाली भूमि के फोटो लगाकर रजिस्ट्री निष्पादित की गई है, जिसमें अन्य सर्वे के फोटो जियो टेग में लेकर विक्रय पत्र संपादित किया गया है। साथ ही लाखों रुपये की स्टाम्प ड्यूटी भी चोरी की गई है।

### इनका कहना है

इस मामले की शिकायत आने के बाद हमारे उप पंजीयक पलाश माहेश्वरी व पूरी टीम मौके पर पहुंची थी। अब हम इस बात की जांच कर रहे है कि आखिर उक्त भूमि पर कितने मकान, कितने वर्ष पहले बने थे, उसके बाद ही आगामी कार्रवाई की जाएगी।

**दीपक शर्मा, पंजीयक, देवास**



### महिला डॉक्टर का हुआ वीडियो वायरल, कार्रवाई की मांग

**देवास।** ब्लैकमेलिंग प्रकरण में फरियादी बनी श्रीराम नर्सिंग होम की संचालिका का भी एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें वह सामने वाले से वह भ्रूण लिंग परीक्षण उपरांत आपरेशन की बात कहते हुए नजर आ रही है। इतना नहीं इस काम के लिए पैसे लेते भी नजर आ रही है। इस मामले को लेकर पत्रकारों ने कलेक्टर ऋतुराज सिंह से मुलाकात कर महिला डॉक्टर पर भी कार्रवाई की मांग की है। इसके बाद कलेक्टर ने भी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जांच करने के निर्देश दिये है। इस संबंध में टीआई श्यामचंद्र शर्मा का कहना है कि जो वीडियो वायरल हुआ है, उसे हमने भी देखा है। इस मामले की जांच स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जाएगी। वहां से जो भी जांच प्रतिवेदन आएगा, उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि इस मामले की जांच डॉ. मनीषा मिश्रा को सौंपी गई है।

### डॉक्टर प्रकरण में दो को जेल, एक को पुलिस रिमांड

देवास। महिला डॉक्टरों को ब्लैकमेल करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने एक महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया था, जिन्हें बुधवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से एक महिला व एक युवक को जेल भेज दिया है। जबकि एक को 13 अप्रैल तक पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। गौरतलब है कि ताराणी कालोनी स्थित एक नर्सिंग होम व एबी रोड स्थित एक नर्सिंग होम की संचालिका को पिछले दिनों पत्रकार बनकर कुछ लोगों ने ब्लैकमेल कर 9 लाख रुपये ऐंठ लिए थे। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने दो अलग-अलग रिपोर्ट पर 5 नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर राजेश धनेचा, राम माल्या, शरीफा बी को गिरफ्तार कर लिया था।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शादी से पूर्व मेरी प्राथमिक प्रमाण पत्र कक्षा पांचवीं की अंक सूची में मेरा नाम प्रमिला पिता सीताराम दर्ज है। जबकि विवाह उपरांत मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मधुबाई पति मेहरबान दर्ज है, जो कि सही है। अतः भविष्य में मेरा नाम मधुबाई पति मेहरबान ही जाना-पहचाना व लिखा-पढ़ा जाए।

**मधुबाई पति मेहरबान**
447, ग्राम खरेली, तहसील टोंकखुर्द
जिला देवास ( म.प्र. )

### मनीषा लाठी प्रांतीय उपाध्यक्ष नियुक्त

**सोनकच्छ।** अखिल भारतीय संगठन मारवाड़ी महिला सम्मेलन के प्रांतीय शपथ ग्रहण समारोह में समाजसेवी सत्यनारायण लाठी की पुत्रवधू व नोटरी अधिवक्ता गगन लाठी की पत्नी मनीषा लाठी को प्रांतीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया। समारोह मंगलवार को उज्जैन में आयोजित हुआ। यहां राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा राठी, राष्ट्रीय सचिव बबीता बागड़िया तथा प्रांतीय अध्यक्ष संतोष सोडानी सहित समाज की अन्य हस्तियां उपस्थित थी। लाठी की नियुक्ति प्रांतीय अध्यक्ष इंदु सोमानी की अनुशंसा पर हुई। लाठी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई तथा मानव सेवा का संकल्प भी दिलाया। समारोह में उपस्थित एकता दरक, श्रीमती संतोष गुप्ता, अरुणा भूतड़ा, किरण छापरवाल, अर्चना अग्रवाल, सोनल बाकलीवाल सहित अन्य महिलाओं ने करतल ध्वनि से उनका अभिनंदन किया। उल्लेखनीय है कि लाठी देवास जिला माहेश्वरी महिला संगठन की सचिव तथा वनबंधु परिषद महिला सहसमिति की संस्थापक अध्यक्ष के रूप में महिलाओं के उत्थान एवं समाजसेवा के सराहनीय कार्य भी कर रही है।



# अब कैन या ड्रम में भी मिल सकेगा डीजल, लेकिन कुछ शर्तें रहेंगी

**सोनकच्छ।** प्रशासन ने पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता को देखते हुए कैन या ड्रम में ईंधन विक्रय को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अब किसान, अस्पताल, सरकारी कार्यालय, बैंक और निर्माण कार्यों से जुड़े लोग कुछ शर्तों पर कैन या छोटे ड्रम में डीजल ले सकेंगे। कलेक्टर कार्यालय खाद्य शाखा भोपाल के आदेश क्रमांक 3034 के अनुसार भू-राजनीतिक स्थिति से आयात प्रभावित हुआ है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने सभी तेल कंपनियों को निर्देश दिए हैं कि जिले के सभी पेट्रोल-डीजल पंपों पर पर्याप्त ईंधन उपलब्ध रखा जाए। गौरतलब है कि 25 मार्च के पूर्व आदेश में वाहन के ईंधन के टैंक के अलावा कैन में डीजल बेचने पर रोक थी, लेकिन रबी फसलों की कटाई, आपातकालीन सेवाओं और निर्माण कार्यों की आवश्यकताओं को देखते हुए यह छूट दी गई है। पंप संचालक उचित सत्यापन के बाद ही कैन में डीजल देंगे। किसानों को खाता बही या पंजीयन दिखाना होगा, वहीं संस्थानों को विभागीय पत्र या वैध पहचान पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। सीसीटीवी फूटेज 48 घंटे तक सुरक्षित रखना भी अनिवार्य होगा। पंपों पर मुफ्त हवा, पानी एवं शौचालय की व्यवस्था जारी रहेगी। यह आदेश जिला आपूर्ति नियंत्रक, भोपाल द्वारा जारी किया गया है। शेष पूर्व आदेश यथावत रहेंगे।




### ग्राम खेड़ा खजुरिया में तेंदुए ने गाय का किया शिकार

**सोनकच्छ।** तहसील के ग्राम खेड़ा खजुरिया में मंगलवार को तेंदुए ने एक किसान की गाय का शिकार कर लिया। गांव के किसान प्रवीण राजपूत के खेत के बाड़े में बंधी गाय और बछड़ा सुबह गायब मिले। तेंदुए ने गाय बंधी खूंटी तक को उखाड़ दीया। किसान ने बताया कि तलाश करने पर एक पेड़ के नीचे गाय के अवशेष मिले। पिछले 10 दिनों से गांव में तेंदुए की दस्तक देखी जा रही थी। सूचना पर वन विभाग और पशु चिकित्सालय की टीम ने निरीक्षण किया। जब तक किसान सोनकच्छ गया, तब तक तेंदुए ने बचे अवशेष भी खा लिए। वन विभाग ने पंचनामा बनाकर मुआवजे की प्रक्रिया शुरू कर दी है। लापता बछड़े की तलाश जारी है। ग्रामीणों को आशंका है कि तेंदुओं की संख्या एक से अधिक है, जिससे पूरे गांव में दहशत है।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-32, बडवाह, जिला-खरगोन(म0प्र0)**
Ph.No. 07280-222446
Mail- eend32barwaha@gmail.com
पत्र क्रमांक 1147/कार्य/आई.एस.पी-कालीसिंध/26, बड़वाह, दिनांक 08/04/2026

**।।जाहिर सूचना।।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण द्वारा 33 के.व्ही. उपकेन्द्र सोनकच्छ से नर्मदा विकास संभाग क्र.32 बड़वाह, जिला-खरगोन(एन.वी.डी.ए.)केआई.एस.पी.-कालीसिंध उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना (प्रथम चरण) में पम्प हाउस क्र. 6 में विद्युत प्रदाय हेतु बिजली लाइन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। यह लाइन देवास जिले के अंतर्गत सोनकच्छ तहसील के ग्राम-तालोद, लालाखेड़ी, अगेरा, पिलवानी, कराड़ियापड़ी, सोनकच्छी, सोनकच्छ, सांवेर और इत्यादि ग्रामों से होकर गुजरी है। उक्त लाइन को दिनांक 09.04.2026 को सुबह 8 बजे के पश्चात् कभी भी उर्जीकृत किया जा सकता है। अतः उपरोक्त क्षेत्र के निवासियों से अनुरोध है कि उक्त लाइन को लोहे के खंभे अथवा तारों के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या संपर्क ना करें और अपने मवेशियों को भी लोहे के खंभे व लाइन से दूर रखे एवं लाइन के तारों से सुरक्षित दूरी बनायें रखें व तारों के समीप किसी भी प्रकार की वस्तु जैसे बांस लोहे की छड़ अन्य लम्बी वस्तु ना ले जावें व ना ही कोई निर्माण कार्य तारों के समीप असुरक्षित दूरी तक करें, अन्यथा किसी भी प्रकार की लापरवाही से होने वाली किसी भी दुर्घटना एवं जानमाल की क्षति के लिए यह कार्यालय एवं इस कार्यालय द्वारा नियुक्त ठेकेदार जिम्मेदार नही रहेंगे।

**कार्यापालन यंत्री,**
**नर्मदा विकास संभाग क्रमांक 32,**
**बड़वाह, जिला खरगोन म.प.**

**न्यायालय तहसीलदार तहसील हाटपीपल्या जिला देवास म.प्र.**
न्याया.प्र.क्र.6/ब-121/2026-27

**//विज्ञप्ति//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय कलेक्टर महोदय देवास से प्राप्त प्रकरण में भूमि आबंटन हेतु कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास संभाग क्रमांक 32 बडवाह जिला खरगोन के द्वारा नजूल भूमि निवर्तन निर्देश 2020 के अंतर्गत प्रारूप एक में आवेदन प्रस्तुत कर तहसील हाटपीपल्या के ग्राम आमलाताज प.ह.नं. 18 में स्थित शासकीय भूमि सर्वे नं 2005 रकबा 2.40 हेक्टेयर मे से रकबा 0. 00414 हेक्टेयर हेक्टेयर भूमि को आवंटन करने हेतु आवेदन किया गया है। उक्त नामांतरण में जिस किसी हितबद्व व्यक्ति, संस्था आदि को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत 07 दिवस में न्यायालय में अपनी आपत्ती मय दस्तावेज के प्रस्तुत करें। नियत 07 दिवस के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। मेरे न्यायालय से दिनांक 08/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर व पदमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील हाटपीपल्या**
**जिला देवास म.प्र.**

**न्यायालय तहसीलदार तहसील हाटपिपल्या जिला देवास म.प्र.**
न्याया.प्र.क्र.05/ब-121/2026-27

**//विज्ञप्ति//**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय कलेक्टर महोदय देवास से प्राप्त प्रकरण में भूमि आबंटन हेतु कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास संभाग क्रमांक 32 बडवाह जिला खरगोन के द्वारा नजूल भूमि निवर्तन निर्देश 2020 के अंतर्गत प्रारूप एक में आवेदन प्रस्तुत कर तहसील हाटपीपल्या के ग्राम चिलखी प.ह.नं. 17 में स्थित शासकीय भूमि सर्वे नं 267 रकबा 0.360 हेक्टेयर मे से रकबा 0. 001794 हेक्टेयर भूमि को आवंटन करने हेतु आवेदन किया गया है। उक्त नामांतरण में जिस किसी हितबद्व व्यक्ति, संस्था आदि को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत 07 दिवस में न्यायालय में अपनी आपत्ती मय दस्तावेज के प्रस्तुत करें। नियत 07 दिवस के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। मेरे न्यायालय से दिनांक 08/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर व पदमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील हाटपीपल्या**
**जिला देवास म.प्र.**

राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा, कांग्रेसजनों ने दी चेतावनी

# ब्लॉक कांग्रेस जावर ने गेहूं खरीदी की तिथि में बार-बार परिवर्तन को लेकर किया विरोध

**जागरण, आष्टा/जावर।** कांग्रेस पार्टी द्वारा मध्य प्रदेश सरकार की किसान विरोधी सरकार द्वारा गेहूं खरीदी की तिथि में बार-बार बदलाव एवं 2700 रुपए मूल्य में गेहूं नहीं खरीदने और किसान द्वारा पराली जलाने पर उनके विरुद्ध केस बनाने अर्थ दंड निरूपित करने एवं कार्यवाही करने के विरोध में युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष लोकेंद्रसिंह ठाकुर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जावर अध्यक्ष अरविंदसिंह ठाकुर के नेतृत्व में युवा कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस एवं किसानों के सहयोग से मंडी प्रांगण जावर से तहसील जावर पहुंचकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया एवं राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।



ज्ञापन में चेतावनी दी कि अगर सरकार ने किसानों से गेहूं नहीं खरीदा एवं समय पर गेहूं खरीदी का भुगतान नहीं किया और पराली जलाने पर किसानों के विरुद्ध कार्यवाही की तो उग्र विरोध प्रदर्शन एवं आंदोलन किया जाएगा और अगर फिर भी किसान को परेशान किया गया, तो कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन एवं चक्का जाम करेंगी उसके लिए सरकार स्वयं जवाबदार रहेगी।

ज्ञापन सौपने वालों में भैरूसिंह ठाकुर, कमलसिंह चौहान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदसिंह ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस आष्टा अध्यक्ष धर्मेंद्रसिंह मेमदाखेडी, लोकेंद्रसिंह ठाकुर, पार्षद राजेंद्र भरेवा, जनपद सदस्य ऋषि पटेल, हरिनारायणसिंह पटेल, सोबालसिंह पटेल, नारायणसिंह, रूपसिंह ठाकुर, धीरजसिंह पहलवान, डॉ. दिनेशचंद विश्वकर्मा, जितेंद्रसिंह, चंदरसिंह, संदीपसिंह, राजेंद्रसिंह, मनोजकुमार जैन, रूपसिंह, सूरजसिंह, धर्मेंद्रसिंह, मयंक चौरसिया, गबू माहेश्वरी, हरपाल ठाकुर, रामचरण दवारिया, राजपाल ठाकुर, राजकुमार मालवीय, बंसीलाल, आबिद हुसैन, धर्मेंद्र ठाकुर, सचिन ठाकुर, शैलेंद्र वर्मा, जोगेंद्र, अर्जुनसिंह, जगदीश प्रजापत, चेतनसिंह, धीरजसिंह, तुलसीराम, देवेंद्र, कृपालसिंह, लाखनसिंह, तेजसिंह जोएब शेख, आनंदसिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं किसान मौजूद थें।

23 को फावड़ा में होगी प्राण-प्रतिष्ठा

# आचार्य भगवंत हर्षतिलक सूरीश्वर महाराज का विहार



**कैलाश बोहरा के निवास पर दी मांगलिक, गौशाला में पशुओं को सुनाया णमोकार महामंत्र**

**जागरण, आष्टा।** आचार्य भगवंत हर्ष तिलक सूरीश्वर महाराज ससंघ ने बुधवार 8 अप्रैल को आष्टा से देवास जिले के ग्राम फावड़ा के लिए मंगल विहार किया। प्रातःकाल आचार्य भगवंत ने समाज के वरिष्ठ कैलाश गौरव बोहरा के निवास पर मांगलिक प्रदान कर विहार आरंभ किया। विपिन सिघंवी के आग्रह पर आचार्यश्री ससंघ अलीपुर स्थित गौशाला में पहुंचा, वहा मौजूद दुर्घटनाग्रस्त पशुओं को णमोकार माहमंत्र सुनाया। आचार्यश्री ससंघ डोडी पहुंचे, जहां रात्रि विश्राम किया। 9 अप्रैल को प्रातः डोडी से सोनकच्छ की ओर प्रस्थान करेंगे।

**23 अप्रैल को होगा प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सवः-** आष्टा तीर्थ किला मंदिर ट्रस्ट के रवींद्र रांका, निर्मल रांका एडवोकेट एवं संजय सिघंवी ने बताया कि फावड़ा ग्राम में आगामी 23 अप्रैल को महावीर जिनालय की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन आचार्य भगवंत हर्ष तिलक सूरीश्वर महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में होगा। इसके साथ ही आराधना भवन उपाश्रय का शुभारंभ भी होगा। इस उपाश्रय में जहां श्रावक-श्राविकाएं धर्म आराधना कर सकेंगे, वहीं साधु-साध्वियों के ठहरने की भी समुचित व्यवस्था रहेगी।

आचार्य भगवंत हर्ष तिलक सूरीश्वर महाराज ने मंगल विहार के पूर्व समाजजनों को संदेश देते हुए कहा कि जीवन में धर्म, संयम और साधना का मार्ग ही सच्चा कल्याणकारी मार्ग है। व्यक्ति को मोह-माया, अहंकार और लोभ से दूर रहकर आत्म कल्याण की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। आचार्य भगवंत ने कहा कि आज के समय में भौतिक सुख-सुविधाओं के बीच मनुष्य अपने मूल धर्म से दूर होता जा रहा हैं, जबकि आत्म शांति केवल धर्म आराधना और संयम से ही प्राप्त हो सकती है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में त्याग, तप और अनुशासन को स्थान देना चाहिए, तभी जीवन सार्थक बनता है। आचार्य भगवंत हर्ष तिलक सूरीश्वर महाराज ने कहा कि धर्मस्थलों का निर्माण और उनके माध्यम से समाज को जोड़ना अत्यंत पुण्य का कार्य है। ऐसे आयोजनों से समाज में एकता, श्रद्धा और संस्कारों का विकास होता है। विहार में शामिल समाजजनों ने आचार्य भगवंत हर्ष तिलक सूरीश्वर महाराज से आशीर्वाद प्राप्त कर धर्ममार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पारसमल सिघंवी, प्रिंस बोहरा, विनित सिंगी, नवनीत संचेती, विपिन सिघंवी, त्रिलोक बोहरा, सचिन कोठारी, आशीष सिघंवी, सीके जैन, अक्षत पाठक आदि मौजूद थें।



## मंत्री टेटवाल का पटाड़ा ने किया स्वागत



**जागरण, आष्टा।** कन्नौद-आष्टा मार्ग पर मुकाती की बावड़ी पर उज्जैन के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल का मार्केटिंग सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष कृपालसिंह पटाडा ने स्वागत किया। इस अवसर पर पार्षद रवि शर्मा, भाजपा नेता सुरेश परमार, सुमित मेहता, राजाराम मालवीय, अरशद खान, आदित्य जैन, हरित मुकाती, धर्मेंद्र ठाकुर, देवराज नाटले आदि मौजूद थें।

## ब्राह्मण समाज ने भगवान श्री गणेश को प्रथम निमंत्रण किया अर्पित, कार्यक्रमों का शुभारंभ



**जागरण, आष्टा।** अखंड ब्राह्मण समाज द्वारा आगामी ब्राह्मण परिणय महोत्सव एवं भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में परंपरानुसार प्रथम निमंत्रण भगवान श्री गणेश को अर्पित कर कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। श्री गणेश मंदिर बड़ा बाजार में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर समाज की सुख-समृद्धि और कार्यक्रमों की सफलता की कामना की गई।

कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों एवं विप्र बंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर ब्राह्मण परिणय महोत्सव अध्यक्ष दिलीप शर्मा, परशुराम जयंती अध्यक्ष गब्बू शर्मा, वित्तीय प्रभारी संजीव दीक्षित, पूर्व अध्यक्ष राजेश शर्मा, दिनेश शर्मा, मनीष पालीवाल, रवि शर्मा, महासचिव नवीन शर्मा, समाज के वरिष्ठ प्रेमनारायण शर्मा, गोविंद शर्मा, जागेश्वर तिवारी सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे। महिला मंडल की ओर से भी उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली, जिसमें महिला मंडल अध्यक्ष नीता तिवारी, बीना पुरोहित, जयश्री शर्मा, रीना शर्मा, मंजू पालीवाल, प्रीति त्रिवेदी, टीना शर्मा सहित अन्य महिलाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। इसके साथ ही कपिश शर्मा, कृष्णा शर्मा, योगेश शर्मा, यश शर्मा, निलेश शर्मा, रामू शर्मा, बसंत पाठक, रघुनंदन शर्मा, श्याम शर्मा, राजेश शर्मा, भारत शर्मा, सौरभ शर्मा एवं सुनील शर्मा शास्त्री सहित बड़ी संख्या में विप्र बंधु मौजूद थें। ब्राह्मण समाज अध्यक्ष विनीत त्रिवेदी के नेतृत्व में सभी ने एकजुट होकर आगामी आयोजनों को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। श्री त्रिवेदी ने कहा कि भगवान श्री गणेश को प्रथम निमंत्रण अर्पित करना सनातन परंपरा का प्रतीक है, जो हर शुभ कार्य की सफलता का आधार माना जाता है। आयोजन न केवल धार्मिक परंपरा का निर्वहन था, बल्कि समाज को संगठित और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

## युमो प्रदेश महामंत्री जैन का सोनी ने किया स्वागत



**जागरण, आष्टा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री नियुक्त होने पर विप्लव जैन का इंदौर-भोपाल राजमार्ग पर निकुंज होटल भाजपा नगर महामंत्री मोहित सोनी ने स्वागत किया।

ज्ञात रहे कि युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री विप्लव जैन, भाजपा नगर महामंत्री मोहित सोनी के मित्र और सहपाठी हैं। इस अवसर पर उत्थान धारवां, सोरंभ शीतल आदि मौजूद थें।

## निजी विक्रेताओं के साथ बैठक सम्पन्न

**जागरण शाजापुर।** शासन द्वारा 01 अप्रैल 2026 से शाजापुर जिले में उर्वरकों का शत-प्रतिशत वितरण ई-विकास (वितरण एवं कृषि आपूर्ति समाधान) प्रणाली के माध्यम से किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। इस संबंध में उपसंचालक कृषि आरएल जामरे द्वारा विकासखण्ड शुजालपुर एवं कालापीपल में निजी उर्वरक विक्रेताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपसंचालक कृषि द्वारा मौजूद विक्रेताओं को ई-विकास पोर्टल पर किए गए नवीन अपडेट एवं तकनीकी सुधारों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही, पोर्टल के माध्यम से उर्वरक वितरण की प्रक्रिया को पारदर्शी, समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। सभी निजी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया कि वे शासन के निर्देशानुसार शत-प्रतिशत उर्वरक वितरण ई-विकास प्रणाली के माध्यम से ही सुनिश्चित करें। किसी भी परिस्थिति में मैन्युअल वितरण नहीं किया जाए तथा यदि किसी विशेष स्थिति में तकनीकी समस्या उत्पन्न होती है, तो तत्काल संबंधित अधिकारियों को अवगत कराते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त किया जाए। बैठक में यह भी बताया गया कि ई-विकास प्रणाली के माध्यम से वितरण करने से किसानों को उर्वरकों की उपलब्धता की सटीक जानकारी, समय पर वितरण तथा पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। इससे अनियमितताओं पर नियंत्रण के साथ-साथ शासन स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग भी संभव हो सकेगी। उपसंचालक कृषि ने सभी विक्रेताओं से अपेक्षा की कि वे पोर्टल का समुचित उपयोग करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें तथा किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न होने दें। इस अवसर पर अनुविभागीय कृषि अधिकारी शुजालपुर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कालापीपल, संबंधित विभागीय अधिकारी एवं निजी उर्वरक विक्रेता उपस्थित थे।

## सुनेरा ब्रिज के पास गेहूं से भरा ट्रक पलटा, क्लीनर अस्पताल में भर्ती

**जागरण शाजापुर।** नेशनल हाईवे-52 पर अलसुबह ड्राइविंग के दौरान नींद की झपकी आना एक बार फिर बड़े हादसे का कारण बन गया। सुबह सुनेरा ब्रिज के समीप गेहूं के बोरों से लदा एक ट्रक बेकाबू होकर पलट गया। गनीमत यह रही कि इस भयानक हादसे में किसी की जान नहीं गई, लेकिन ट्रक का क्लीनर घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, चालक बाल-बाल बच गया।

# जान जोखिम में डाल बांस-बल्लियों से बिजली ले रहे द्वारकापुरी के रहवासी, परेशान होकर बिजली कार्यालय पर किया प्रदर्शन



**जागरण शाजापुर।** शहर की द्वारकापुरी कॉलोनी मूलीखेड़ा रोड के रहवासी लंबे समय से बिजली की भारी किल्लत और जानलेवा व्यवस्था से जूझ रहे हैं। बुनियादी सुविधाओं के अभाव में लोग बांस और बल्लियों के सहारे मौत के साए में बिजली के तार खींचने को मजबूर हैं। इसी खस्ताहाल व्यवस्था और जिम्मेदारों की लंबे समय से चली आ रही अनदेखी से आक्रोशित होकर बुधवार दोपहर सैकड़ों रहवासियों ने लालघाटी स्थित बिजली कंपनी के कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। लोगों ने अधीक्षण यंत्री को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की चरमराई विद्युत व्यवस्था को तत्काल सुधारने की मांग की।

**हादसों का बना रहता है हर पल डर**

रहवासियों का कहना है कि पूरी कॉलोनी में न तो बिजली के पर्याप्त खंभे हैं और न ही अन्य जरूरी लाइन संसाधन। मजबूरी में लोगों को बांस-बल्लियों के सहारे झूलते तारों से घरों तक बिजली पहुंचानी पड़ रही है। इस खतरनाक स्थिति से पूर्व में कई हादसे भी हो चुके हैं और बारिश या तेज हवाओं के दौरान हर समय लोगों की जान का खतरा बना रहता है।

### समस्या के समाधान के लिए दिया स्क्रैप सामग्री का सुझाव

प्रदर्शनकारियों ने केवल समस्या ही नहीं बताई, बल्कि ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को एक व्यावहारिक सुझाव भी दिया। रहवासियों ने बताया कि शहर में फोर लेन सड़क निर्माण के दौरान काफी मात्रा में स्क्रैप सामग्री, जैसे पुराने पोल और तार निकले हैं। विभाग चाहे तो इन अनुपयोगी पड़े पोल और तारों का उपयोग कर कॉलोनी की मौजूदा जानलेवा व्यवस्था को सुरक्षित कर सकता है।

### सुविधाएं नदारद, फिर भी भर रहे भारी-भरकम बिल

स्थानीय रहवासियों ने अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए बताया कि कॉलोनी में सैकड़ों परिवार निवास कर रहे हैं, लेकिन आज तक उन्हें स्थायी बिजली कनेक्शन नहीं दिया गया है। विडंबना यह है कि स्थायी कनेक्शन और सुरक्षित लाइन न होने के बावजूद उन्हें हर महीने भारी-भरकम बिजली का बिल थमाया जा रहा है। कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### अवैध कॉलोनी का पेंच, बिजली कंपनी ने दी सफाई

इस पूरे मामले में बिजली कंपनी के कार्यपालन यंत्री चंद्रशेखर झा ने अपना पक्ष रखते हुए स्पष्ट किया कि द्वारकापुरी का उक्त क्षेत्र अवैध कॉलोनी की श्रेणी में आता है। नियमों के तहत ऐसे क्षेत्रों में विभाग द्वारा केवल अस्थायी कनेक्शन ही दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में स्थायी और सुरक्षित बिजली व्यवस्था तभी आकार ले सकती है, जब कॉलोनाइजर और रहवासी आपसी सहयोग कर जरूरी प्रक्रिया पूरी करें।

## सांपखेड़ा नहर के पास एंबुलेंस और ऑटो में जोरदार भिड़ंत, 4 घायल



**जागरण शाजापुर।** रात के समय तेज रफ्तार वाहनों की लापरवाही हादसों का कारण बन रही है। देर रात कोतवाली थाना क्षेत्र में एक ऐसा ही मामला सामने आया, जहां एक तेज रफ्तार एंबुलेंस और सब्जियों से भरे लोडिंग ऑटो के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में वहां से गुजर रही एक मोटरसाइकिल भी चपेट में आ गई। घटना में कुल चार लोग घायल हुए हैं, जबकि क्षतिग्रस्त एंबुलेंस का चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकला। जानकारी के अनुसार, घटना मंगलवार रात करीब 11 से 12 बजे के बीच सांपखेड़ा गांव की नहर के पास हुई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि लोडिंग ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया और उसमें रखी सारी सब्जियां सड़क पर बिखर गईं। वहीं, एंबुलेंस का आगे का हिस्सा भी बुरी तरह टूटकर चकनाचूर हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को शाजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे में घायल हुए लोगों की पहचान राधेश्याम, हुकम सिंह, राजेंद्र सिंह और राजेश (ऑटो चालक) के रूप में हुई है।

जिला अस्पताल में जांच के बाद दो लोगों को मामूली चोटें आने की पुष्टि हुई है। वहीं, अन्य दो घायलों को प्राथमिक उपचार देने के बाद उनके परिजन एहतियातन दूसरे अस्पताल ले गए।

## 108 देशों में एक स्वर में नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप किया जाएगा

**जागरण शाजापुर।** विश्व नवकार महामंत्र दिवस के उपलक्ष्य में जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के आव्हान पर 09 अप्रैल को नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप का आयोजन भारत सहित विश्व के 108 देशों में 6 हजार से अधिक स्थानों पर एक साथ किया जा रहा है। शाजापुर में भी 09 अप्रैल को प्रातः 08 बजे से 09.00 बजे तक पोरवाल भवन कसेरा बाजार में सामूहिक जाप का आयोजन किया जा रहा है। सभी धर्म प्रेमी, श्रावक-श्राविकाएं अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर विश्व शांति और प्राणी मात्र के कल्याण हेतु नवकार महामंत्र जाप के इस पवित्र आयोजन में सहभागिता करेंगे।

जीतो जेटीआर मनोज जैन ने बताया विश्व नवकार महामंत्र दिवस के उपलक्ष में जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के आह्वान पर 9 अप्रैल को एक वैश्विक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शांति और सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार करना है जिसमें भारत सहित विश्व के 108 देश के 6000 से अधिक स्थानों पर एक साथ निर्धारित समय में एक स्वर में नमस्कार महामंत्र का सामूहिक जाप किया जाएगा। जैन समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अलग अलग प्रदेशों में वहां के मुख्यमंत्री भी आयोजन में सहभागिता करेंगे। स्थानीय स्तर पर शाजापुर में जीतो द्वारा पोरवाल भवन कसेरा बाजार में बुधवार को सुबह 8 से 9 बजे तक नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप का कार्यक्रम होगा, जिसमें सभी धर्म प्रेमी श्रावक श्राविकाएं अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर विश्व शांति और प्राणी मात्र के कल्याण हेतु नवकार महामंत्र जाप में शामिल होंगे। इस पवित्र आयोजन में सहभागिता करने हेतु सकल जैन श्री संघ से आह्वान किया गया है।

यहां सामूहिक जाप केवल आध्यात्मिक उन्नति का माध्यम बनेगा बल्कि विश्व शांति और प्राणी मात्र के कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा जो अनुमोदनीय होकर सभी के लिए अनुकरणीय होगा। नवकार महामंत्र केवल जैन धर्म तक सीमित नहीं है, बल्कि संपूर्ण मानवता के कल्याण का महामंत्र है। यहां प्रेम, शांति और अहिंसा का संदेश देता है, जिसे आज के युग में सभी को अपनाने की आवश्यकता है। नवकार महामंत्र का वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व है, यह मंत्र सकारात्मक ऊर्जा, शांति ओर विश्व कल्याण का प्रतीक है। विश्व स्तर पर आयोजित नवकार महामंत्र के इस कार्यक्रम के तहत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी भाग लिया जाएगा। वहीं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी इस आयोजन में भाग लेंगे।

## युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप रोजगार मेला 16 अप्रैल को

**जागरण शाजापुर।** मध्यप्रदेश शासन की मंशा अनुसार एवं कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई, जिला उद्योग केंद्र एवं म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत शाजापुर द्वारा 16 अप्रैल 2026 को प्रातः 11 बजे से 03 बजे तक शासकीय आई टी आई शाजापुर में एक ही छत के नीचे युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। युवा संगम रोजगार मेले में आमंत्रित निजी क्षेत्र की कंपनियों के द्वारा सेल्समैन, ट्रेनी, सेल्स एवं मार्केटिंग, वर्कर, हेल्पर, मशीन आपरेटर, इलेक्ट्रिशियन, सहायक हेल्पर, एक्जुक्यटिव फिल्ड ऑफिसर, बीमा सलाहकार, आदि पदों पर कम्पनियों के रिक्त लगभग 200 से अधिक पदों पर रोजगार प्रदान करने के लिए कंपनियों के प्रतिनिधि आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारंम्भिक चयन करेंगें। रोजगार मेले में कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट एवं आईटीआई उत्तीर्ण एवं 18 से 40 वर्ष तक के आयु के आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्रों एवं आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, रिज्यूम, के साथ युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले में आकर चयन के लिए साक्षात्कार दे सकते हैं।

## रबी विपणन वर्ष 2026.27 रु. जिले में गेहूँ खरीदी हेतु 42 उपार्जन केंद्र स्थापित

**जागरण नलखेड़ा।** मप्र शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल द्वारा जारी उपार्जन नीति के अनुसार रबी विपणन वर्ष 2026.27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी का कार्य जिले में 10 अप्रैल से 05 मई 2026 तक किया जाएगा।

कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु जिले में कुल 42 गेहूँ उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए हैं। आगर, बडौद, सुसनेर एवं नलखेडा तहसीलों में विपणन सहकारी संस्थाओं तथा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से खरीदी केंद्र स्थापित किए गए हैं। खरीदी कार्य समिति स्तरीय केंद्रोंए मंडी प्रांगणों एवं विभिन्न वेयरहाउसों में संचालित होगा।

जारी आदेश के अनुसार समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु तहसील आगर अन्तर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था.आगरए के लिये खरीदी स्थल केसर वेयर हाउस पालखेडी उज्जैन रोड है। इसी तरह प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था कानड, खरीदी स्थल, समिति स्तरीय मंडी प्रांगण कानड, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था तनोडिया, खरीदी स्थल सीतानारायण वेयरहाउस बगोन फन्टा, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था चांदनगांव खरीदी स्थल बालाजी वेयरहाउस चांदनगांव, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था नरवल खरीदी स्थल चंदा वेयर हाउस नरवल, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था पिपलोनकलां खरीदी स्थल खुशी वेयर हाउस तनोडिया, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था पालडा खरीदी स्थल अरिहंत वेयरहाउस आगर केन्द्र स्थापित किया गया।

## अली शाह साहब का 105वां सालाना उर्स 12 अप्रैल से

**जागरण शाजापुर।** सूफी-संतों की रूहानी तालीम, आपसी भाईचारे और इंसानियत की खुशबू एक बार फिर शाजापुर की फिज़ाओं में महकने वाली है। शहर के मोहल्ला दायरा स्थित आस्ताना आलिया वारसिया पर सूफी संत हजरत सैय्यद वारिस अली शाह साहब के 105वें सालाना उर्स और मेले की तैयारियां अब अपने अंतिम चरण में हैं। 12 अप्रैल से शुरू होकर 16 अप्रैल 2026 तक चलेगा।

## न्यूज कार्नर

### जाटव समाज संगठन की बैठक संपन्न

**सीहोर।** सीहोर जाटव समाज कल्याण संगठन द्वारा स्थानीय डॉ. अम्बेडकर नगर गंज स्थित अम्बेडकर पार्क में 6 अप्रैल 2026 को एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें संगठन के पदाधिकारी संगठन प्रमुख मनोज फरेला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष कपिल पुरविया एवं वरिष्ठ समाजसेवी सन्नी जाटव, सक्रीय सदस्य कमल किशोर जाटव, सक्रीय सदस्य राहुल कचनेरिया, वरेन्द्र जौहरे, भोला कचनेरिया, युवा नेता शुभम कचनेरिया, हेमन्त भारती, नीरज, चरण सिंह खंगराले, टीटु कचनेरिया, मुन्ना, विवेक सुनेरिया, जुगल सुनेरिया, प्रदीप कचनेरिया, हितेन्द्र कचनेरिया आदि कार्यकर्ताओं द्वारा सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि भारतीय संविधान निर्माता परम पुज्य बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी की 135 वा जयंति समारोह आगामी 14 अप्रैल को स्थानीय अम्बेडकर पार्क में भव्यता के साथ मनाया जावेगा।

### दुल्हा बादशाह पर तीन दिवसीय उर्स मई में



**सीहोर।** हिन्दु मुस्लिम एकता का प्रतीक सर्व धर्म हजरत दुल्हा बादशाह दरगाह पर तीन दिवसीय उर्स मुबारक आयोजित किया जाएगा। आगामी 5 मई से 7 मई तक उर्स रहेगा। मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय होंगे। कोतवाली चौराहा से मंगलवार शाम पांच बजे चादर जुलूस शुरू किया जाएगा। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय दरगाह पर चादर पेश करेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर भी शामिल होंगे। जिस के बाद रात 9 बजे मिलाद शरीफ होगी। उर्स के दौरान हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल हलीम ताज 7 मई की रात अपना कलाम पेश करेंगे। भोपाल के सादिक वज और साबरी कव्वाल, कसीम के द्वारा कव्वालियां प्रस्तुत की जाएगी। दरगाह कमेटी अध्यक्ष रिजवान पठान ने बताया कि शहर सहित आसपास के हजारों लोग उर्स में शामिल होंगे।

### नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा आज से

**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी नौ अप्रैल से शहर के कंचन विहार विश्वनाथपुरी में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में समिति के द्वारा नौ दिवसीय भव्य संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर समिति के द्वारा तैयारियां की जा रही है। वहीं कथा का प्रथम आमंत्रण भगवान गणेश को समर्पित करते हुए शहर के विभिन्न स्थानों पर वितरण करते हुए क्षेत्रवासियों से कथा का श्रवण करने की अपील की। समिति ने शहर के अनेक स्थानों पर प्रचार प्रसार भी किया है। कथा का शुभारंभ शाम चार बजे कलश यात्रा से आरंभ होगा। कलश यात्रा भगवान पशुपतिनाथ मंदिर अवधपुरी से प्रारंभ होकर कथा स्थल पर पहुंचेगी। श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति ने बताया कि गुरुवार से शहर के कंचन विहार विश्वनाथपुरी में लगातार पंचम वर्ष भव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें ब्रह्मलीन श्री त्यागी महाराज के कृपापात्र शिष्य श्री-श्री 108 महंत उद्दवदास महाराज के द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। अब नौ अप्रैल से श्रीराम कथा आगामी 17 अप्रैल तक जारी रहेगी।

---

**पेटी कांट्रेक्टरों के हवाले कर ठेकेदार करा रहा काम, नदी और नाले से मलबा तक नहीं उठ रहा**

# नदी और नाले का यह कैसा काया-कल्प, बारिश में होगी मुसीबत



**जागरण, सीहोर।** गर्मी शुरुहुए डेढ़ माह से अधिक का समय हो चुका है लेकिन अब जब गर्मी महज दो माह का समय ही शेष बचा है ऐसे में न तो शहर की भूजल स्तर को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाने वाले सीवन और सीटू नामक नदी और नाले ठेकेदार की मनमानी और लापरवाही के चलते बदतर हालत में पहुंच चुके हैं। गंगा जल संवर्धन और इनके कायाकल्प के लिए शासन द्वारा करोड़ो रुपए मुहैया कराए जाने के बाद भी इन दोनों नदी नालों की हालत पहले जैसी ही बदहाल बनी हुई है। कायाकल्प के नाम पर ठेकेदार द्वारा नदी और नालों में गहरीकरण के नाम पर जेसीबी ओर पोकलेन मशीनों से खुदाई तो करवाई गई लेकिन दोनों ही जगह बीच नदी और नाले में मलबा आज तक पड़ा हुआ है वहीं नदी और नाले पर रसूखदारों द्वारा जिस तरह से सीमेंट कोंक्रीट के माकान अतिक्रमण कर बनाए हैं उसेस और नदी और नाले में जमा मलबे को उठवाने की न तो ठेकेदार चिंता कर रहा है ओर न ही प्रशासन इस ओर ध्यान दे पा रहा है। गौरतलब है कि जून माह की पहले पखवाड़े मे मानसून के आने की संभावनाएं रहती हैं। ऐसे मे यदि मानसून समय पर सक्रिय होता है और बारिश का सिलसिला शुरु हो जाता है तो शहर के घनी आबादी के बीच से निकलने वाली यह नदी नाले शहरवासियों पर कहर बरपाने से नहीं चूकेंगे।

#### तत्कालीन एसडीएम ने हटाया था अतिक्रमण

ऐसा लगता है कि मकान बनाने वाले व्यक्ति के रसूख के सामने प्रशासन ने आत्मसमर्पण करते हुए इस ओर से अपनी आँखें मूंद रखी हैं। ये प्रश्न सीहोर की आम जनता के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। गौरतलब है कि नदी, तालाबों, नालों आदि के आसपास पक्के निर्माण के लिए कई पर्यावरणीय अनुमतियों सहित अन्य कई विभागों और एनजीटी से भी परमिशन लेनी पड़ती है, जिसके नियम बहुत ही सख्त हैं और कोई भी इन नियमों के पालन के बिना इनके कैचमेंट एरिया के आसपास पक्का निर्माण नहीं कर सकता है, लेकिन सीहोर में लोगों का हौसला इतना बुलंद है कि उन्होंने इन सभी नियमों को दरकिनार कर अपने रसूख के दम पर यहां आलीशान महलनुमा मकान खड़ा कर लिया। इसमें सबसे रोचक तथ्य ये है कि यहां कई महीनों से ये अवैध निर्माण चल रहा था, लेकिन सीहोर जिला प्रशासन और नगरपालिका प्रशासन की इस पर नजर नहीं पड़ी और इसके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं की गई और आधे सीहोर को जीवन देने वाले तथा भीषण गर्मी में लोगों की प्यास बुझाने वाले इस नाले की दुर्दशा पर किसी का भी ध्यान नहीं गया। यहां एक और रोचक तथ्य ये भी है कि इसी रसूखदार व्यक्ति द्वारा पूर्व में भी इसी जगह पर मकान का निर्माण किया गया था, जिसे तत्कालीन एसडीएम द्वारा तोड़ दिया गया था, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों के फेरबदल के बाद अब इस व्यक्ति द्वारा उसी जगह पर फिर से पक्का निर्माण किया जाना ना केवल नियम विरुद्ध है, बल्कि प्रशासन को सीधे सीधे चुनौती देना भी है। गौरतलब है कि ठेकेदार की मनमानी के चलते शहरवासी तो बारिश के दिनों में मुसीबतें झेलने को मजबूर होंगे ही वहीं बाढ़ के हालात बनने पर नदी नालों के आसपास अपने मकान बनाकर रहने वाले परविारों को भी जान माल का नुकसान उठाने को मजबूर होना पड़ेगा कई माह पूर्व ठेकेदार द्वारा कायाकल्प योजना के तहत इंग्लिशपुरा पुल से दूल्हा बादशाह पुल तक नदी के गहरीकरण के नाम पर खुदाई कराई थी लेकिन मलबा आज भी बीच नाले में पड़ा हुआ है।

---

## व्यवसायिक उपयोग करने पर चार घरेलू गैस सिलेंडर जब्त




**जागरण, सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में एलपीजी गैस की सुचारू आपूर्ति बनाए रखने और घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग एवं अनियमितताओं को रोकने के लिए जिला आपूर्ति श्रीमती रेशमा भामोर और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रकाश सिंह यादव द्वारा सीहोर के साई रेस्टोरेंट, लल्लनटाप रेस्टोरेंट भोजनालय, जिरकॉन होटल, रामटी स्टॉल, कस्पी तड़का रेस्टॉरेंट, दक्षिण वाणी रेस्टोरेंट एवं राय टी स्टॉल सहित विभिन्न होटलों, रेस्टोरेंट एवं गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान घरेलू गैस सिलेंडर का दुरुपयोग पाए जाने पर रेस्टोरेंट एवं प्रतिष्ठानों से 04 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

### तकनीक आधारित कृषि समय की आवश्यकता : कलेक्टर

**सीहोर।** सीहोर जिले की इछावर तहसील के भाउखेड़ी आजीविका पार्क में कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने एनआरएलएम अंतर्गत गठित आत्मनिर्भर महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के फील्ड प्रक्षेत्र में आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) आधारित प्रिसिजन फार्मिंग केंद्र का लोकार्पण किया। यह परियोजना नाबार्ड, जियो कृषि, जैन इरिगेशन एवं सीपा संस्था के अभिसरण से विकसित की गई है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव एवं नाबार्ड की सीजीएम श्रीमती सी. सरस्वती भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र का निरीक्षण कर पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने कहा कि आधुनिक तकनीक आधारित कृषि समय की आवश्यकता है। आईओटी आधारित प्रिसिजन फार्मिंग से किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने में मदद मिलेगी, जिससे उत्पादन में वृद्धि और लागत में कमी संभव होगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहलें किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही उन्हें जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाती हैं।

---

## किसानों की आवाज बुलंद करने सीहोर के किसान आंदोलन में शामिल होंगे नेता प्रतिपक्ष सिंघार

**जागरण, सीहोर।** गेहूं खरीदी में हो रही देरी एवं किसानों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ किसानों की आवाज बुलंद करने एवं किसानों व आम नागरिकों को न्याय दिलाने के लिये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतु पटवारी के निर्देशानुसार पर भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के विरोध में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में आज दिन गुरुवार को सीहोर जिला कांग्रेस कार्यालय से सुबह 11 बजे जिले भर के किसान, कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भारी संख्या में शामिल होगें, जो रैली के रूप में सीहोर जिला कलेक्ट्रेट का घैराव कर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र सौंपा जावेगा।

इस मौके पर मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौहान, जिला प्रभारी श्रीमती जयश्री हरिकिरण, पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल सहित वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहेगें। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने जिले के सभी किसान बंधुओं, कांग्रेस कार्यकर्ता गण, वरिष्ठ नेता गण, समन्वय समिति के सदस्य गण, जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, किसान कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एससी, एसटी, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ समस्त विभाग एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं आम नागरिकों से अपील है कि इस आंदोलन में शामिल होकर अपने अधिकार की आवाज बुलंद करें।

## कलश यात्रा में एक हजार से अधिक महिलाओं के साथ शामिल होंगे निहंग और नागा साधु



**जागरण, सीहोर।** शहर के इतिहास में पहली बार कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में होने वाले भव्य पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारियां पूर्ण हो गई है। बुधवार को श्री-श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री महंत रामभूषण दास महाराज के मार्गदर्शन में सुबह भव्य यज्ञ शाला का शिखर स्थापित किया गया। इस मौके पर मंदिर के अधिकारी संत श्री माधव दास महाराज के सानिध्य में पूर्ण विधि-विधान के साथ वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, नमिता राय सहित मंदिर परिवार के द्वारा पूर्ण विधि-विधान से भगवान गणेश का आह्वान किया गया।

इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय ने यहां पर प्रचार रथ और संतों को प्रचार-प्रसार के लिए रवाना किया। आयोजन समिति की ओर से शहर के इतिहास में होने वाले महायज्ञ के पूर्व एक भव्य महाकुंभ कलश यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों पर निकाली जाएगी। इसमें देश भर से नागा साधु, संत, त्यागी, बैरागी और निहंग सरदार शामिल होंगे। इसके अलावा एक हजार से अधिक महिलाएं कलश यात्रा में शामिल रहेंगे। ऐसे आयोजनों में सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिलती है, जिसमें महिला-पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होते हैं। वहीं निहंग गुरु गोविंद सिंह द्वारा स्थापित पंथ का हिस्सा हैं, जो वीरता और आस्था के प्रतीक माने जाते हैं।

श्री लक्ष्मी नृसिंह मंदिर के अधिकारी संत श्री माधव दास महाराज ने बताया कि प्राचीन सिद्धपीठ में होने वाले पंच कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 26 अप्रैल से किया जाएगा। महायज्ञ के द्वारा जीवन में स्थिरता, सुख-शांति और धन-धान्य की अपार वृद्धि होती है। यह जीवन के सभी दुखों, दरिद्रता, ऋणों और नकारात्मक ऊर्जाओं को समाप्त करने में सक्षम है। व्यवसाय में आ रही रुकावटों को दूर करने और तरक्की के लिए इस यज्ञ का विशेष विधान है। यह परिवार में प्यार और मधुर संबंध बढ़ाने के लिए अत्यंत प्रभावी माना जाता है। महायज्ञ में सम्मिलित होने से उपासकों को पुण्य लाभ और आध्यात्मिक ऊर्जा मिलती है। सभी यज्ञों में सर्वश्रेष्ठ माना गया है। इस यज्ञ के माध्यम से ईश्वर की आराधना कर भक्त अपने जीवन में कल्याण की कामना करते हैं।

## सत्य साईं में विश्व होम्योपैथी दिवस का सफल आयोजन




**जागरण, सीहोर।** श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय, सीहोर में विश्व होम्योपैथी दिवस के उपलक्ष्य में सप्ताह व्यापी कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूकता फैलाना रहा।

कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध लेखन, वाद-विवाद, चार्ट एवं मॉडल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही ग्राम थुना एवं इंग्लिशपुरा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जहां ग्रामीणों को होम्योपैथी उपचार की सुविधाएं प्रदान की गईं।

इसके अतिरिक्त, होम्योपैथी के प्रति जन-जागरूकता ब?ाने हेतु एक रैली का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने सक्रिय सहभागिता निभाई और लोगों को इस चिकित्सा पद्धति के लाभों से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ व्याख्यान भी आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. सुसेन थॉमस ने होम्योपैथी के महत्व एवं आधुनिक चिकित्सा में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। यह संपूर्ण कार्यक्रम माननीय कुलगुरु डॉ. मुकेश तिवारी जी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. उमेश पांडे, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुसेन थॉमस सहित विभाग के सभी शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने ब?-च?कर भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। उक्त कार्यक्रम का समापन 10 अप्रैल को किया जाएगा। इस अवसर पर होम्योपैथी के जनक डॉ. हैनिमैन की 271वीं जयंती के रूप में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### चर्च मैदान पर ब्लॉक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान पर 90 दिवसीय निशुल्क फुटबाल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में बुधवार की शाम को एक रोमांचक मुकाबले में सीहोर बाइज की टीम ने डीएसवायडब्ल्यू टीम को 1-0 से हराया। इस अवसर पर एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया, कमलेश अग्रवाल, आनंद उपाध्याय आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## सीहोर का केदारनाथ धाम बनेगा मध्य प्रदेश की पहचान : राय



**जागरण, सीहोर।** वरिष्ठ समाजसेवी आश्रम के प्रमुख सूत्रधार संरक्षक अखिलेश राय अपने जन्म दिवस के अवसर पर श्री माधव महाकाल आरोग्य आश्रम के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्म रक्षक संत पंडित श्री श्री 108 पं दुर्गा प्रसाद कटारे बाबा एवं कथा व्यास परम गौभक्त क्रांतिकारी राष्ट्रीय संत पंडित मोहितरामजी पाठक से आशीर्वाद प्राप्त करने निर्माणाधीन श्री केदारेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण माधव महाकाल आरोग्य आश्रम पधारे कहा कि निर्माणाधीन श्री केदारेश्वर महादेव मंदिर देवभूमि उत्तराखंड में निर्मित केदार बाबा मंदिर की तरह मध्य प्रदेश ही नहीं सम्पूर्ण भारत की आस्था का केंद्र बनेगा आज जन्मदिन के अवसर पर जहां सर्वप्रथम गौमाता का पूजन एवं आरती श्री अखिलेश जी राय द्वारा श्री कटारे बाबा एवं कथा व्यास पंडित मोहितरामजी पाठक एवं आश्रम परिवार के सानिध्य में की गई इसके पश्चात वैदिक यज्ञ हवन मैं संपूर्ण सीहोर के मंगालता आरोग्यता श्री राय की दीर्घायु के लिए महामृत्युंजय मंत्र से आहुति चंद्रकला शर्मा डॉ आशुतोष दीक्षित शैलेंद्र चंदेल द्वारा दी गई साथ ही मंदिर के मुख्य द्वार नारायणी द्वार गेट का भूमि पूजन किया गया श्री मति नारायणी गर्ग अखिलेश राय सुरेश शर्मा रामायण शुक्ला द्वारा किया गया तत्पश्चात भगवान श्री लड्डू गोपाल के सामने दीप प्रजालान अखिलेश राय जितेंद्र तिवारी सोरभ राय द्वारा किया गया

फिर संपूर्ण आश्रम परिवार में श्री राय का मंगल तिलक कर कार्यक्रम के अध्यक्ष शंकर लाल जी शर्मा अतुल शर्मा सतीश पाठक द्वारा शाल श्रीफल पुष्प माला से श्री राय का स्वागत किया गया उपरांत श्री राय ने संत कटारे बाबा और कथा व्यास पंडित पाठक को शाल पुष्पमाला उड़कर आशीर्वाद प्राप्त किया करा। इस अवसर पर तुलसीराम सेन काका किशोर कौशल श्री चंद्रपाल सिंह दरबार बृजेश पाराशर विजय जी राठौड़ आर्य मनोज जैन कैलाश चौहान लक्ष्मण चौकसे शामिल थे।

---

**शिक्षकों ने रैली निकाल कर कलेक्टर के माध्यम से सौंपा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन**

# टीईटी परीक्षा स्थगित करने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन




**जागरण, सीहोर।** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीइटी) 2026 को लेकर शिक्षक संयुक्त मोर्चे ने मध्यप्रदेश सरकार से परीक्षा स्थगित करने और इस विषय में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग की है। इस संबंध में संयुक्त मोर्चा के बैनर तले बड़ी संख्या में शिक्षकों ने रैली निकाल कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन कलेक्टर के माध्यम से सौंपा। शिक्षक बड़ी संख्या में बाल विहार मैदान में एकत्र हुए। संयुक्त मोर्चे के प्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में इस संबंध में अपने अपने विचार प्रस्तुत किए।उसके बाद शिक्षकों ने बाल विहार मैदान से लिसा टॉकीज, कोतवाली चौराहे होते हुए इंग्लिश पूरा भोपाल नाके तक रैली से कलेक्ट्रेट पहुंच कर ज्ञापन दिया। इस अवसर पर शिक्षक दीपक राठौर अपने पूरे परिवार के साथ रेली में मौजूद थे।

ज्ञापन में बताया गया कि लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा आदेश क्रमांक 356 दिनांक 02 मार्च 2026 जारी कर शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 एवं आगामी सत्र में शिक्षकों को सम्मिलित होने के निर्देश दिए गए हैं। संयुक्त मोर्चा का कहना है कि प्रदेश में वर्ष 1998 से 2003 के बीच नियुक्त हुए शिक्षक विभागीय नियमों और मापदंडों के आधार पर नियुक्त किए गए थे। इसके बाद वर्ष 2005 और 2008 में संविदा शाला शिक्षक, शिक्षाकर्मी और गुरुजी की पात्रता परीक्षाएं आयोजित की गई थीं, जिन्हें उत्तीर्ण करने के बाद ही शिक्षकों की नियुक्ति की गई।

संयुक्त मोर्चा के अनुसार वर्ष 2011 के बाद नियुक्त शिक्षक पहले ही शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण कर चयनित हुए हैं और कई शिक्षक पिछले 20 से 22 वर्षों से अध्यापन कार्य कर रहे हैं। ऐसे में वर्तमान आदेश से प्रदेश के लगभग डेढ़ लाख शिक्षक प्रभावित हो सकते हैं।

संयुक्त मोर्चा ने यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने इस मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर की है और निर्णय आने तक परीक्षा स्थगित रखी गई है। इसी आधार पर मध्यप्रदेश सरकार से भी अनुरोध किया गया है कि वह शिक्षकों के हित में सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करे और अंतिम निर्णय आने तक शिक्षक पात्रता परीक्षा को स्थगित रखने के निर्देश जारी करे। इस अवसर पर विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें सतीश त्यागी,संजय सक्सेना , विश्वजीत त्यागी ,सवाई सिंह परिहार, कमल बैरागी, राजेंद्र सिसोदिया, प्रदीप नागिया सहित सैकड़ो की संख्या में शिक्षक उपस्थित है।

## अनावश्यक अप डाउन नहीं करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**जागरण, सीहोर।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित कर राजस्व से जु? विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व वसूली, नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, उपार्जन, ई-विकास के माध्यम से खाद वितरण तथा फार्मर रजिस्ट्री जैसे प्रमुख बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को मुख्यालय में निवास सुनिश्चित करने, अनावश्यक अप-डाउन से बचने तथा कार्यों को टालने की प्रवृत्ति छो?कर गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन सहित सभी राजस्व संबंधी प्रकरणों का त्वरित एवं संतोषजनक निराकरण करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित मॉनिटरिंग करें और शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता और जवाबदेही सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व वसूली के कार्य में तेजी लाई जाए और लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप निर्धारित लक्ष्य समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं, जिससे राजस्व संग्रहण में वृद्धि हो सके। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में 27 करो? 22 लाख 34 हजार 532 रूपये राजस्व संग्रह किया गया। नामांतरण, बटवारा एवं सीमांकन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी लंबित मामलों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।